दैनिक जागरण 23/10/2024

# कालेज विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को किया शिक्षित

**जागरण संवाददाता • अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी के राजनीतिज्ञ विज्ञान विभाग एवं एनएसएस की यूनिट द्वारा कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा निर्देशन एवं डा. एसएस नैन के नेतृत्व में गांव खुड्डा कलां में ग्रामीण विद्यार्थियों को शिक्षित करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के विद्यार्थियों को उचित एवं सुगम तरीके से ज्ञान प्रदान किया गया।

गांव की सरपंच सरला देवी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई। शिक्षा के संदर्भ में कालेज प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा केवल शब्दों का ज्ञान नहीं है बल्कि यह एक व्यापक अवधारणा है जो अच्छे और बुरे में अंतर का विवेक उत्पन्न करती है। इससे समाज में एकरूपता, चरित्र निर्माण, नैतिकता और शिष्टाचार का उद्भव होता है जो वर्तमान समय की महत्वपूर्ण मांग है और स्थिर समाज के लिए नींव का काम करती है।

इस कार्यक्रम में डा. राकेश कुमार, डा. सरोज बाला एवं प्रो लवप्रीत सिंह की अग्रणी भूमिका रही। राजनितिक विज्ञान विभाग के 37 विद्यार्थियों ने कार्य किया।